
### संभागायुक्त से सचिव द्वारा किये भ्रष्टाचार की जांच की मांग

# सिंहपुर पंचायत कायदों की उड़ी धज्जियां

**शहडोल।** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य कराके जहां सरकारी बजट को चूना लगाया जा रहा है, वहीं पंचायत जिम्मेदार हर काम में कमाई के चक्कर में कायदे कानून ताक पर रखकर कायदे कानून के पालन से बेपरवाह हैं। उन्हें न जांच की चिंता है, न अधिकारियों का डर है। जिले की जनपद की सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायतों में सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक की तिकड़ी का बेलगाम राज चल रहा है। सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायत सिंहपुर में पहले भी ऐसे तमाम काम कराए गए, जिनमें कमाई का रास्ता नजर आया। यहां तक कि कई अनुपयोगी काम भी करा दिए गए हैं, ऐसे तमाम निर्माण कार्य कराके जिम्मेदारों ने अपना-अपना हिस्सा तो ले लिया, लेकिन यह निर्माण कार्य अनुपयोगी पड़े-पड़े बर्बादी की कगार पर हैं। मनरेगा के काम मशीनों से कराके फर्जी मस्टर भरे जा रहे हैं, शिकायतों को अनदेखा करके जिम्मेदार मौन बने हैं। इसे लेकर लोगों में नाराजगी है और कुछ मामलों में अधिकारी दिखावे के लिए कार्रवाई करके अपनी कमी छिपाने में जुटे हैं।






### यह है मामला

संभागायुक्त को की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि सिंहपुर सचिव जर्नादन शर्मा के द्वारा ग्राम पंचायत सिंहपुर में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, आरोप हैं कि सचिव द्वारा बिना जीएसटी के बिल पंचायत में लगाये जा रहे हैं, ग्राम पंचायत चिटुहला के बिल सिंहपुर पंचायत से आहरण कराते हैं और ग्राम में बिना जीएसटी के बिल लगाकर फर्जी भुगतान कराते हैं। इनके द्वारा ग्राम पंचायत सिंहपुर के निर्माण कार्यो पर बिना किसी शासकीय मापदण्ड के आधार पर स्वीकृति कराई जाती है, जिसमें अभी दो सीसी रोड जो निजी विवाद पर न उनसे सहमति लिया गया और एक रोड में व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए चौधरी मोहल्ला में जबरजस्ती बनवाया गया, साथ ही पहले से बनी हुई सीसी रोड को इन्हें फिर से टीएस करा दिया।

### स्ट्रीट लाईट के नाम पर खेल

ग्राम पंचायत सिंहपुर में 17 लाख रूपये की लागत से बिना मापदण्ड स्ट्रीट लाईट लगवाई गई, उक्त स्ट्रीट लाईट में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया, जिसमें 80 प्रतिशत लाईट खराब हो गई है, यदि पंचायत चाहती तो, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर गांव में सौर्य स्ट्रीट लाईट लगवाई जा सकती थी, लेकिन कमीशन के चक्कर में सचिव द्वारा भ्रष्टाचार किया गया है। बीते 5 से 10 वर्षो में भी पंचायत में जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं, अगर उनकी जांच हुई तो, पंचायत में दफन भ्रष्टाचार का जिन्न बाहर आ सकता है, लेकिन जनपद की सुस्त कार्यशैली के चलते शिकायत ठण्डे बस्ते में डाल दी जाती है और अधिकारी स्वयं भ्रष्टाचार पर संज्ञान नहीं लेते।

### शासकीय मद का दुरूपयोग

ग्राम पंचायत सिंहपुर में बीते वर्षों में शासकीय मद का खुलकर दुरूपयोग हुआ है, वर्तमान सचिव ने जब से कार्यकाल सम्हाला है, अगर इनके कार्यकाल मात्र की जांच हो जाये तो, लाखों का भ्रष्टाचार खुलकर प्रशासन के सामने होगा। व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने तक के लिए शासकीय मद का दुरूपयोग सिंहपुर पंचायत में हुआ है, लेकिन अधिकारियों को कभी पंचायत में चल रहे व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार की जांच करने की फुर्सत नहीं मिलती, चर्चा है कि अधिकारी खुद भी इस हमाम में डूबे हुए हैं, जिसके चलते भ्रष्टाचारियों को भ्रष्टाचार करने का बढ़ावा मिलता है।

### टैक्स की हुई चोरी

सिंहपुर पंचायत में वर्तमान में कई ऐसी फर्म और उनके द्वारा लिये जा रहे भुगतान की जांच की जाये तो, यह बात सामने आयेगी कि जिन्होंने लाखों के बिल प्रस्तुत कर भुगतान लिये हैं, उनके द्वारा जिन वस्तुओं की बिक्री कर भुगतान उठाया गया है, उनके द्वारा बेची गई वस्तुओं की खरीदी ही नही की गई और न ही वस्तुओं के बिल ही उपलब्ध है। यहीं नही कई फर्म तो सिर्फ कागजों पर संचालित है, इनके द्वारा न सिर्फ वस्तु एवं सेवाकर बल्कि आयकर विभाग का भी लाखों का टैक्स चोरी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### तीन माह से मोबाइल विटनरी यूनिट का अटका वेतन



**शहडोल।** मोबाइल विटनरी यूनिट के कर्मचारियों ने उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कर्मचारियों को 3 माह से वेन समय पर न मिलने के कारण 17 जुलाई से वाहन बंद किया जा रहा है। चलित पशु चिकित्सा इकाई के समस्त कर्मचारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि मासिक वेतन समय पर नहीं मिल रहा है, यह सिलसिला कई महीनों से चल रहा है, कंपनी द्वारा समस्त एमवाईयू कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से कई बार आश्वासन दिया गया, परन्तु इसकी भी समय सीमा समाप्त हो चुकी है और अभी वेतन की स्थिति संदेहास्पद बनी हुई है। मोबाइल विटनरी यूनिट ने ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया है कि उक्त मामले में निर्णायक विचार किया जाये, भविष्य में इस तरह की समस्या उत्पन्न न हो, वर्तमान में इस समस्या के चलते सभी कर्मचारियो ने निर्णय लिया है कि 17 जुलाई से गाडिय़ों का संचालन बंद कर दिया जायेगा, जब तक कि वेतन आहरण नहीं हो जाता।

### इमाम बाड़ा एवं कर्बला का किया गया निरीक्षण



**धनपुरी।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मोहरर्म पर्व मनायें जाने के लिए प्रशासनिक दृष्टि से भावना डेहरिया तहसीलदार बुढ़ार, याचिका परतेती नायब तहसीलदार, खेम सिंह पेन्ड्रो थाना प्रभारी धनपुरी एवं प्रभात बरकड़े मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका धनपुरी, सचिन कचेर विद्युत प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से मोहर्रम के एक दिवस पूर्व इमाम बाड़ा का निरीक्षण के साथ-साथ ताजिया विर्सजन स्थल कर्बला का निरीक्षण किया गया एवं मौके स्थल पर कर्बला मे ताजिया विर्सजन के समय पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था एवं साफ-सफाई के निर्र्देश दिये।

### आवारा मवेशियों का धड़पकड़ अभियान बंद



**शहडोल।** जिले के कोयलांचल नगरी धनपुरी एवं शहडोल मे बीते दिनों सांड के हमले मे दो लोगो की मौत के बाद नगरीय प्रशासन द्वारा आवारा मवेशियों को पकडऩे अभियान चलाया गया था, लेकिन वह महज खाना पूर्ति तक ही सिमट कर रह गया। अब फिर से पहले की ही तरह सडक़ो पर आवारा मवेशियों का झुण्ड नजर आने लगा हैं। मंगलवार को आवारा मवेशियों की धमा चौकड़ी धनपुरी -बुढ़ार मार्ग मे नजर आई। जहां दो सांडो के बीच काफी देर बीच सडक जंग होती रहीं। जिससे वहां से गुजरने वाले राहगीरो को काफी परेशानी उठानी पड़ी। लोगो को इस बात का भय था कि कही वहां से गुजरने के दौरान वह सांड के हमले का शिकार न हो जाए। कुछ लोग डंडा लेकर इन सांडो को भगाने का प्रयास करते नजर आए, लेकिन इसका कोई असर सांडो पर नही हुआ। काफी समय तक दो सांड बीच सडक़ जंग करते रहे, कुछ लोग किसी तरह सडक़ के किनारे से निकल गए तो, कुछ राहगीरो ने वैकल्पिक मार्ग से जाना मुनासिब समझा। बहरहाल एक बार फिर कोयलांचल नगरी धनपुरी मे आवारा मवेशियों की धमा चौकड़ी शुरू हो गई हैं। जो लोगो के लिए मुसीबत बनती जा रही है। जिले मे आवारा मवेशियों के हमले मे दो लोगो की मौत के बाद भी नपा प्रशासन इस ओर ध्यान नही दे रहा है।

## नल जल योजना के नाम पर हुआ खिलवाड़

### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान शहडोल जिले के ग्राम पंचायत खमरौध निवासी खेलनिया साहू ने आवेदन देकर बताया कि मै कई बार ग्राम पंचायत खमरौध के पटवारी को पीएम किसान समान निधि राशि कि लिये अपनी दस्तावेज दी तथा सीएम हेल्प लाइन में भी अपनी समस्या दर्ज कराई, लेकिन मेरी शिकायत को बंद करा दिया जाता है और मुझे पीएम सम्मान निधि की राशि आज तक प्राप्त नहीं हुई। मैं आर्थिक व मानसिक रूप से बहुत परेशान हूं तथा मुझे जान बूझ कर परेशान किया जाता है। उनका कहना था कि मुझे पीएम किसान निधि कि राशि दिलाया जाये, जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास ने तहसीलदार बुढार की आवेदन प्रेषित कर पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने हेतु निर्देशित किया।

आयोजित जनसुनवाई में अनूपपुर जिले के ग्राम गुवारी निवासी लेखराम सिंह राठौर ने आवेदन देकर बताया कि अनूपपुर के जनपद जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमगवां के ग्राम अमगवां में नल जल योजना स्थापित करने के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग वर्ष 2022 में स्थापित नल जल योजना का कार्य करने के लिये पुनरीक्षित प्राक्कलन जिसकी स्वीकृत कराई गई थी, इसके बावजूद भी ग्राम अमगवां के सभी ग्रामवासियों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, अभी भी लगभग आधे गांव के लोगो को पानी नही मिल पा रहा है और जिन लोगो के यहां नल कनेक्शन किया है, उन लोगो को भी पानी नही मिल पा रहा है। उनका कहना था कि नल जल योजना के कार्य में कितना घटिया स्तर का पाइप वगैरह सामग्री का उपयोग किया गया है कि जगह-जगह पाइप खुले में रख दिया गया है और वह पाइप सब टूटने लगे है, नल कनेक्शन के लिये जो स्टैण्ड लगाया गया है, वो भी अत्यंत घटिया स्तर का है, उसकी छपाई तक नहीं की गई है और वह सब टूटने लगे है। उनका कहना था कि ग्राम अमगवां में लोक स्वा0 यांत्रिकी विभाग के द्वार बिछाई गई पाइप लाइन एवं बनाये गये स्टैण्ड पोस्ट सहित सभी निर्माण कार्यों की जांच कराई जाकर सभी ग्रामवासियों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु उचित कार्यवाही कराया जाए। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास ने पीएचई अनूपपुर के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

### कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शीलाबाई ग्राम धनगंवा थाना गोहपारू ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पति की मृत्यु 3 अक्टूबर 2022 को हो चुकी थी, लेकिन अभी तक मुझे संबल योजना के तहत प्रदाय की जा रही है आर्थिक सहायता राशि नही दिलाई गई। उनका कहना था कि मुझे संबल योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की जाएगी। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर की ओर आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनीता बैगा, रन्नू बैगा व अन्य लोगो ने सामूहिक रूप से आवेदन देकर बताया कि हम सभी कर्मचारी शासकीय आवासीय ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर में 2018 से अंशकालिक रूप से कार्य कर रहे है और अभी तक कोई वेतन में वृद्धि नही की गई है। उनका कहना था कि हम सभी अंशकालिक कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया जाए। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग की ओर आवेदन देकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते ने अन्य शिकायतें भी सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रोडक्शन शॉप का विधायक ने किया शुभारंभ

### प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी, विधायक ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर शासकीय संभागीय आईटीआई शहडोल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने आईटीआई के प्रचार वाहन आईटीआई ऑन व्हील को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही आईटीआई में स्थापित प्रोडक्शन शॉप का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आईटीआई परिसर में विधायक एवं उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा में वृक्षारोपण किया गया। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से कौशल सम्बंधित जानकारियों का मंचन किया, आई टी आई ऑन व्हील के माध्यम से लोगों के मध्य कौशल शिक्षा के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# मेकअप कराना महिला को पड़ा भारी, कंगन हुए पार



### ब्यूटी पार्लर संचालिका पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत टोपनदास तिराहा के पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर मे मेकअप कराना महिला को भारी पड़ गया। मैकअप करने के दौरान संचालिका द्वारा महिला के हाथ से उतरवाए गए दो सोने के कंगन वहां से गायब हो गए। जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए के आस-पास की बताईं जा रही हैं। कंगन गायब होने के बाद महिला के चेहरे की रंगत गायब हो गई। घटना के बीस दिन बाद तक थाने के चक्कर काटने के बाद पुलिस ने ब्यूटी पार्लर संचालिका कल्पना गुप्ता पति रामराज गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालाकि मामला दर्ज करने के बाद पुलिस अब तक चोरी गए कंगन को बरामद नहीं कर पाई हैं। जबकि फरियादी द्वारा अपने सोने के कंगन पाने के लिए अब भी आए दिन थाने के चक्कर लगाए जा रहें हैं।

### यह है मामला

अनामिका सिंह पति धर्मेन्द्र सिंह परिहार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम अमकुई थाना जसो जिला सतना ने बीते माह 27 अप्रैल को अपने पिता अनूपलाल सिंह बघेल निवासी ग्राम सेमरपाखा थाना ब्योहारी के साथ पहुंची। जहाँ उसने एक लिखित आवेदन देते हुए बताया कि वह 25 अप्रैल को अपने मायका ग्राम सेमरपाखा आयी थी। अगले दिन 26 अप्रैल को मेरी छोटी बहन अमृता सिंह की शादी थी। उसका मेकअप कराने 26 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे उसे साथ लेकर ब्योहारी के टोपनदास तिराहा स्थित सानिया बूटी पार्लर गई थी। जहाँ मेरी छोटी बहन अमृता अंदर बने रूम में अपना मेकप करवायी। उसके बाद मैने अपना मेकप करवाने से पूर्व अपने हाथों मे पहने हुए सोने के दोनों कंगन उतार कर वहीं दराज मे रखकर संचालिका कल्पना गुप्ता को बताकर अंदर रूम मे चली गई। जिसका वजन 20 ग्राम, 670 मिलीग्राम तथा कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए से अधिक थी।

### मेकअप कर निकली तो गायब थे कंगन

पीड़िता ने बताया कि जब मैं मेकअप कराने के बाद दराज से अपने कंगन लेने गई तो वहाँ से कंगन गायब थे। पूछताछ करने पर ब्यूटी पार्लर संचालिका द्वारा कोई सकारात्मक उत्तर नही दिया गया। जब मैंने वहां लगा सीसी टीवी फुटेज चेक कराया तो शाम घटना के पहले 5 से 7 बजे तक उसमें फुटेज मौजूद था, लेकिन घटना से कुछ देर पहले सीसी टीवी बंद कर दिया गया था, जिससे मुझे यह आभाष हो गया कि प्लान के तहत मेरा कंगन चोरी कर लिया गया हैं। छोटी बहन की शादी से फुर्सत होकर अगले दिन मैंने ब्योहारी थाने मे इसकी शिकायत दर्ज कराई। लेकिन पुलिस ने केवल आवेदन लेकर मुझे लौटा दिया। घटना के बीस दिन बाद जब पीड़ित पक्ष ने थाने जाकर हो हल्ला किया, तब कही जाकर ब्यूटी पार्लर संचालिका पर मामला दर्ज किया गया।

### इनका कहना है...

उस समय थाना प्रभारी कोई और थे, मेरे संज्ञान में मामला अभी आया है। गंभीरता से इस मामले को दिखाता हूं।

अरुण पाण्डेय
थाना प्रभारी, ब्यौहारी

## डीएचओ ने अवैध क्लीनिक को किया सील

### मेडिकल स्टोरों पर की कार्यवाही



**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के.लाल के निर्देशन में जिले में संचालित अवैध क्लीनिको के विरुद्ध सतत रूप से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज डी.एच.ओ. डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा संभागीय मुख्यालय शहडोल के (रीवा होटल) के पास अश्वत्थामा क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त क्लीनिक दिव्यांगत पिता डॉ.वी.एस. अश्वत्थामा के नाम से संचालित हो रही थी, जिसका कोई लाइसेंस व रूजोपजार अधिनियम के अनुसार पंजीकृत नहीं होने पर मौके पर ही क्लीनिक को शील कर दी गई।

जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कोटमा में संचालित आरोग्य वैलनेस सेंटर का निरीक्षण कर जांच में पाया गया कि आरोग्य वैलनेस सेंटर का पंजीयन रूजोपउचार अधिनियम के अंतर्गत फिजियोथैरेपी क्लिनिक के रूप में किया गया है तथा फिजियोथैरेपी से संबंधित कोई उपकरण व व्यवस्थाएं नहीं थी। साथ ही क्लीनिक की दवाइयां की दुकानें संचालित थी, जिसमें भारी मात्रा में आयुर्वेदिक दवाएं भण्डारित की गई थी, लेकिन मेडिकल स्टोर का किसी भी प्रकार का लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया था जिस पर डी.एच.ओ. ने आवश्यक कार्यवाही की।

## रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जप्त

### मोटरसाइकिल से आगे आगे चल रहा था ट्रैक्टर मालिक गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जप्त किया, ट्रैक्टर मालिक मोटरसाइकिल से ट्रैक्टर की पायलटिंग कर रहा था, उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि बनसुकली चौराहे के पास से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जप्त किया, जिसमें चालक बृजभान कोल को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने जब इस ट्रैक्टर को रोका और कार्यवाही की तो, मोटरसाइकिल से ट्रैक्टर मालिक अजय गर्ग ट्रैक्टर की पायलटिंग कर रहा था, पुलिस देखकर ट्रैक्टर मालिक घबरा गया और मोटरसाइकिल छोडक़र फरार हो गया, पुलिस ने ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर मालिक के मोटरसाइकिल को मौके से जप्त किया और पता तलाश कर ट्रैक्टर मालिक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खबर है कि बारछ सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था, तभी पुलिस को मुखबिर की खबर लगी थी सूचना पर पुलिस बनसुकली चौराहे के पहुंची, तभी रेत से भरा ट्रैक्टर पुलिस को दिखा जिसे जप्त किया है। पुलिस ने चालक बृजभान एवं ट्रैक्टर मालिक अजय गर्ग के विरुद्ध खनिज अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक बालकरण प्रजापति की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्या



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टदर मीनाक्षी इंगले ने जिला प्रमुख अधिकारियों के साथ जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण भी कराया । जनसुनवाई में प्राथमिक शाला धौरखोह मे नियमित एमडीएम वितरण नही होने, ग्राम पंचायत नरवार के लोगों ने पेयजल उपलब्ध कराने, बब्बू बैगा ने जमीन पर कब्जा होने, विकटगंज मे नाली निर्माण कराने, मिहीलाल सिंह ग्राम झलवार ने जमीन का सीमांकन कराने, ग्राम बडखेरा के शिवचरण ने जमीन से बेजा कब्जा हटवाने सहित स्मार्ट मीटर से अधिक बिजली बिल आने की शिकायत का आवेदन पत्र दिया ।

### विवेचकों को दी गई नये कानून की जानकारी



**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी सीसीटीएनएस प्र.आर. पवन नामदेव द्वारा जिले में पदस्थ विवेचको का नए आपराधिक कानून को लेकर सीसीटीएनएस में हुये अपडेट के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है । साथ ही क्या कार्यवाही करनी है?, कैसे करनी है? इसके बारे में बारीकी से बताया गया । उक्त प्रशिक्षण में समस्त थाना प्रभारी, विवेचकगण एवं सीसीटीएनएस आपरेटर सम्मिलित हुये ।

### 154248 रोपित किए गए पौध

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत 6 जुलाई को की गई है । अभियान के तहत स्वियं सेवी संस्थाएं, मीडिया कर्मियां, जिला प्रमुख अधिकारी, व्यापारी संगठन आगं। आकर पौध रोपित कर रहे है एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प ले रहे है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला प्रमुख अधिकारियों व्दारा 189450 लक्ष्य में से 68373 पौधों का रोपण किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत करकेली, मानपुर तथा पाली एवं नगरीय क्षेत्रों में 80 हजार लक्ष्य में से 85875 पौध रोपित किए गए । यह अभियान 15 जुलाई तक अनवरत जारी रहेगा ।

## दबंगों ने घर में घुसकर यादव परिवार को दी धमकी

# कल अभी कम मारे थे, थाना में रिपोर्ट किये हो, अब जान से मार देंगे

### मलमाथर में हुआ था खूनी विवाद कार्यवाही न होने से बढ़े हौसले

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में एक ही गांव के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया, इस खूनी जंग में खूब लाठी, डंडे बरसाए गए, महिलाओं को भी दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया, इस हमले में किसी का सर फूटा तो, किसी का हाथ टूटा, घायल यादव परिवार अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा था, घायलों ने अपनी फरियाद सुनाते हुए गांव के दबंगों पर मारपीट का आरोप लगाये थे, घटना का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ, कहा जा रहा था कि जमीनी विवाद का झूठा मामला पंजीबद्ध करा दिया गया, अस्पताल में उपचार कराने के दौरान भी दबंगो द्वारा धमकी दी गई। बीते दिनों एक बार फिर पीड़ित यादव परिवार के घर में घुसकर थाना में शिकायत करने की बात को लेकर जान से मारने की धमकी दी है।

#### यह लिखा शिकायत में

पीड़ित महिलाओं ने शिकायत में उल्लेख किया कि राजेश शर्मा, अशीष शर्मा, शैलेस शर्मा, दिगम्बर शर्मा, संतदास शर्मा द्वारा इज्जत लूटने के लिए यह विवाद किया है, शिकायत में उल्लेख किया गया कि 9 जुलाई को शौच के लिए जा रहे थे, तभी उपरोक्त व्यक्ति आवेदिका की इज्जत लूटने की नीयत छेड़छाड़ करने लगे एवं जमीन में पटक दिये, जिस कारण पीड़ितों के कपड़े फट गये, कुछ के कपड़े जबरजस्ती फाड़ दिये गये, गलत हरकत करने लगे, हल्ला गोहार करने पर घटना स्थल के पास ही खेत में अयोध्या यादव अपने खेत में पानी लगा रहा था, हल्ला सुनकर दौड़ा एवं बीच-बचाव करने लगा, तब अयोध्या यादव को उपरोक्त लोगों द्वारा लाठी से मारपीट करने लगे, अयोध्या के हल्ला-गोहार



करने पर पतिराम, पुष्पेन्द्र, राजेन्द्र, दुअसिया, सुनैना, रोहित आदि व्यक्ति दौडक़र आकर बीच बचाव किये।

#### साथ में रखे थे हथियार

पीड़ितों ने शिकायत में उल्लेख किया कि राजेश शर्मा, अशीष शर्मा, शैलेष शर्मा, दिगम्बर शर्मा, संतदास शर्मा सभी पिता शारदा शर्मा निवासी मलमाथर अपने साथ पहले से ही तलवार फरसा लोहे का राड, लाठी एवं अन्य मारपीट के औजार साथ में रखे थे, उनके द्वारा मारपीट करने लगे, मारपीट से पति राम का सिर कट गया एवं घाव के निशान बने हुए है, लडक़े पुष्पेन्द्र यादव के सिर में लोहे की राड से मारपीट की गई, जिससे पुष्पेन्द्र का सिर फट गया एवं तलवार से मारने के कारण 4-5 इंच कटा हुआ घाव है। इसी तरह राजेन्द्र यादव के साथ मारपीट किये जाने के कारण उसका बायां हाथ टूट गया है, कमर के नीचे राड से मारने के कारण कमर की हड्डी टूट गई है, बहू गोमती के बाये हाथ पर फरसे से वार किया गया, हाथ में कटे का घाव है, लाठी एवं राड से

### यादव परिवार ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से लगाई गुहार

हाथ के पुट्टे एवं पीठ में मारकर घातक चोट पहुंचाई है। कुसुम बाई के जांघ, गला, दोनों हाथ, पखौरा एवं सिर में चोट लगी है। दुअसिया बाई जिसके सिर में तलवार की चोट, दाया हाथ में राड की चोट है। संगीता का सिर कटा हुआ है, अयोध्या के कंधे में मारने के कारण घटना के दिन वह बेहोश हो गया था।

#### घर के अंदर फेंकेंगे काटकर

यादव परिवार दबंगो से इतना भयभीत है कि उसने एडीजी डी.सी.सागर से मामले में हस्ताक्षेप करने की मांग की है, पीड़ितो का कहना है कि दबंगो द्वारा कहा जाता है कि हम भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं और पैसे की हमारे पास कोई कमी नहीं है, थाना में जाकर अपनी शिकायत वापस ले लो, पीड़ितों ने बताया कि उक्त परिवार पर पहले से कई मामले पंजीबद्ध है, इनके लिए मारपीट करना या गलत हरकत करना कोई बड़ी बात नहीं है, मारपीट होने के समय हल्ला करने पर गांव के कई व्यक्ति देखे एवं सुने है, लेकिन उक्त व्यक्तियों के धमकाने के चलते कोई भी बीच-बचाव करने नहीं आये, जब मारपीट कर चले गये, तब घायल अवस्था में फरियादी थाना गये, उक्त दबंग पहले से ही थाने में बैठे हुए थे, फरियादियों के द्वारा जो रिपोर्ट लिखाई जा रही थी, उसे न लिखकर झूठा जमीनी विवाद लिखा गया, थाना से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन दबंगो के भय के चलते गंभीर चोट होने के बावजूद पीड़ितों को भर्ती नहीं किया गया। पीड़ितों ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी.सागर से मामले में हस्ताक्षेप करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# 139 बीट में 800 से अधिकारी-कर्मचारी वन-वन्य जीवों की कर रहे हैं सुरक्षा





**उमरिया।** बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बारिश के मौसम में मानसून गश्त की जाती है। मानसून गश्त में दुर्गम मार्गो में पहाड़ों में अधिकारी कर्मचारी पैदल पहुंचते हैं। और वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए जुटे रहते हैं। बारिश के मौसम में वन क्षेत्र में रास्ते बंद हो जाते हैं। बारिश में वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा कठिन हो जाती है। सुरक्षा के लिए मानसून गश्त में अलग-अलग टीम बनाकर जंगलों में दिन और रात दुर्गम इलाकों में पहुंचकर सर्चिंग की जाती है। मानसून गश्त की अधिकारी कर्मचारी अलग योजना बनाकर जंगल पहुंचते हैं।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मानसून अगस्त 1 जुलाई से 30 सितंबर 3 महीने की जाती है। इन तीन महीनो के लिए टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अधिकारी योजना बनाकर दुर्गम इलाकों, पहाड़ों, जंगलों और गांव के आसपास के क्षेत्र में दिन में पैदल और रात में गाडिय़ों से गश्त कर क्षेत्र में सर्चिंग करते हैं। ताकि वन माफिया और शिकारियों से वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा हो सके। इसके लिए टाइगर रिजर्व के अधिकारी पूरी योजना की निगरानी भी करते हैं। और गश्त की जानकारी भी लेते हैं। टाइगर रिजर्व में 9 परिक्षेत्र हैं। 9 परीक्षेत्रों की 139 बीट में 600 से अधिक सुरक्षा श्रमिक और 200 अधिकारी-कर्मचारी एक साथ मिलकर वन क्षेत्र में गश्त करते हैं। गश्त के लिए 45 टीमें बनाई गई हैं। डिप्टी रेंजर इन टीम के प्रमुख होते हैं। एक टीम में 8 से 10 लोग होते हैं। टीम के सदस्यों को वन क्षेत्र में सुरक्षा के निर्देश भी दिए जाते हैं। और स्वयं सुरक्षित रहने के लिए जूते,डंडे और रात के समय टॉर्च रखने के सख्त निर्देश रहते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि परिक्षेत्र के वृत स्तर एक-एक टीम का गठन है। टीम में 8 से 10 लोग होते हैं। वन क्षेत्रों के कई क्षेत्र बारिश के कारण कट जाते हैं। गाडिय़ों से जाना संभव नही होता है। ऐसे क्षेत्रों में पैदल गश्त की जाती है। हमारे एफडी और मैं भी स्वयं भी गश्त करता हूं। हमारा प्रयास रहता है। जंगल का कोई भी क्षेत्र छूट ना पाए। हम पूरे जंगल में गश्त करते हैं।



# विद्यालय में धरती को हरा भरा बनाने के लिये संकल्प लिया

**उमरिया।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन पर पाली नगर पालिका परिषद मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन पर नगर पालिका पाली एवं युवा टीम उमरिया के द्वारा वार्ड नं 1 बौली टोला के शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में 50 छायादार,फलदार व औषधि पौधे लगाकर पधारोपण कर धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया गया। विद्यालय की विद्यार्थियों ने एक-एक पौधा अपने हाथ में लेकर पौधारोपण किया एवं परिवहन संरक्षण का संकल्प लिया।

पर्यावरण मित्र हिमांशु ने कहा कि आज पौधारोपण बहुत जरूरी हो गया है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाना चाहिए। यह हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। तमाम तरह की बीमारियां हो रही हैं, उसमें कहीं न कहीं पर्यावरण का कुप्रभाव भी है। पर्यावरण के साथ हम लोगों ने बहुत खिलवाड़ किया है।मां के नाम पेड़ लगाने से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं। प्रकृति के पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता दर्शाते हुए अपनी मां के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। पौधारोपण करने के साथ ही वायुदूत ऐप पर अपलोड भी किया गया।पौधारोपण नगर पालिका इंजीनियर विपिन विश्वकर्मा, प्रधान अध्यापक निर्मल विश्वकर्मा,पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन,राहुल सिंह,करन बैगा,सुनील प्रजापति,आशु पटेल, विद्यायल शिक्षक रमा चतुर्वेदी, दीनदयाल बैगा, पुष्पराज सिंह, सभापति सिंह, कलम सिंह, महेंद्र तिवारी, रामेश्वर विश्वकर्मा, जयदीप सिंह, अमृता सिंह, सोना बैगा, अंजली सिंह, अनुज बैगा, अनुष्का सिंह, शाहिल बैगा, सुनीता बैगा, चंद्रवती बैगा, आंचल बैगा व उपस्थित रहे।

## ..... तो यहां सिर्फ कोरम पूर्ति तक जिम्मेदारों का कर्तव्य

**कोतमा।** जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदा एवं लहसुई कालोनी में व्याप्त गंदगी को लेकर विगत दिनों प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। इसके बाद लहसुई कॉलोनी में क्वार्टरों के पीछे नालियों की साफ सफाई तथा बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई है जिसको लेकर सफाई करने के नाम पर मात्र एक दिन तीन-चार मजदूरों को भेज कर लहसुई कैंप में तीन चार क्वार्टर के पीछे लगी चमरिन एवं गाजर घास को उखाड़ कर श्रमिक आवासों के पिछला दरवाजा की तरफ डाल दिया गया। इसके बाद ना तो कोई झाड़ियां उखड़ी गई और ना ही उखाड़ी गई झाड़ियों को कोई साफ करने ही आया श्रमवीरों के परिवार जनों ने बताया कि क्वार्टर के पीछे निकलने दो बार हो गया है गंदगी एवं साफ सफाई के अभाव में दुर्गंध आ रही है। यहां तक कि बारिश का मौसम होने के कारण जहरीले सांप तथा कीड़े मकोड़े क्वार्टर में घुस रहे हैं जिसके कारण श्रम वीरों का परिवार डरा हुआ है। एक-दो दिन पहले एक तमाशा देखने को मिला जब लगभग 6 माह पहले श्रमिक क्वार्टर के पीछे नाली यह कहकर खोदी गई थी कि इसमें पाइप डालकर शौचालय सहित गंदा पानी निकल जाएगा, किंतु मात्र एक-दो दिन पहले कुछ मजदूर आए और खोदी गई नाली को बांटने लगे। श्रमिकों के द्वारा जब जानकारी ली गई तो उन्हें यह बताया गया कि जो योजना बनाया गया था उसे कैंसिल कर दिया गया है। कुल मिलाकर भ्रष्टाचार की कहानी है कि नाली खोदने का पैसा ठेकेदार एवं कालरी प्रबंधन के सिविल विभाग के अधिकारियों के साथ साथ गांठ करते हुए बंदरबांट कर लिया जाएगा। नाली को बिना कार्य कराए हुए दोबारा दूसरे ठेकेदार को दिया गया और फिर वही बंदरबाट की कहानी धड़ल्ले से दोहरा दी जाएगी। प्रबंधन से जुड़े लोगों द्वारा कॉलोनी में यह जन चर्चा करते पाया जा रहा है कि आगामी कुछ मांग पक्ष एक उच्च अधिकारी की सेवानिवृत होने जा रही है और उसी के आदेश पर खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। श्रमिक संगठनों या उनके पदाधिकारी द्वारा कुछ भी इस भ्रष्टाचार के संबंध में ना बोलना आश्चर्य जनक है।



## उक्त भूमि मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज किए जाने का जारी किया आदेश

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने जमीन का पट्टा किया निरस्त

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष वशिष्ठ ने जिले के कोतमा तहसील अंतर्गत ग्राम गढ़ी निवासी रामनारायण साहू के व्यवस्थापन की भूमि खसरा क्रमांक 504/2 रकबा 2.023 हेक्टेयर का बिना सक्षम अनुमति प्राप्त किए उक्त प्रश्नाधीन भूमि का विक्रय कर व्यवस्थापन की शर्तों का उल्लंघन किया है, जो मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(7ख) का स्पष्ट उल्लंघन है। जिस पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने उक्त भूमि का बंटन व्यवस्थापन निरस्त करते हुए भूमि मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज किए जाने तथा पट्टा निरस्त करने का आदेश जारी किया है। तहसीलदार कोतमा के उक्त अनियमितता के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब आहूत किया है एवं अनुविभागीय अधिकारी कोतमा से उक्त त्रुटि के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन लिए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि प्रकरण के उक्त भूमि का सूक्ष्म परिशीलन किया जाकर तहसीलदार कोतमा के प्रतिवेदन शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं अनावेदक के जवाब लिखित तर्क संलग्न दस्तावेजों का विधिवत परीक्षण किया गया। तहसीलदार कोतमा के प्रतिवेदन में यह लेख है कि रामनारायण साहू एसईसीएल क्षेत्र बहेराबांध कॉलरी में वर्ष 1987-88 कार्य करते हुए 2018 में सेवानिवृत हुए हैं। जिसमें यह प्रमाणित है कि वर्ष 1988 में रामनारायण साहू एसईसीएल में कार्यरत थे तथा रामनारायण साहू के नाम उक्त भूमि का व्यवस्थापन स्वीकृत हुआ है। उक्त समय का अनावेदक ने स्वयं को रामनारायण साहू होने के संबंध में कोई प्रमाणित दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया। आदेश में कहा गया है कि रामनारायण साहू के एसईसीएल में कार्यरत होने से भूमि का कब्जा व्यवस्थापन संदिग्ध माना गया है तथा यह भी निष्कर्ष में कहा गया है कि अभिलेख से यह तथ्य प्रमाणित नहीं है कि रामनारायण साहू एवं दाना साहू एक ही व्यक्ति हैं। आदेश में यह भी कहा गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा लिखित तर्क में यह लेख किया गया है कि दाना साहू द्वारा उक्त भूमि को चोरी-चोरी शासन को बिना बताए विक्रय कर दिया गया है। अनावेदक ने अपने लिखित तर्क पर यह लेख किया है कि उक्त भूमि को अच्छे दामों में अन्य को विक्रय कर दिया है। तहसीलदार के प्रतिवेदन व प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इस तथ्य की पुष्टि होती है कि अनावेदक रामनारायण साहू एसईसीएल में कार्यरत था तथा रामनारायण साहू की नाम ग्राम गढ़ी में खसरा नंबर 504/2 रकबा 2.023 हेक्टेयर भूमि सन 1988 से व्यवस्थान स्वीकृत किया गया है। तहसीलदार कोतमा ने स्पष्ट से यह प्रतिवेदन किया है कि रामनारायण साहू एसईसीएल में कार्यरत था तो उन परिस्थितियों में भी व्यवस्थापन भूमि प्राप्त करने का हकदार नहीं है। प्रश्नाधीन खसरा नंबर 504 में पुश्तैनी रूप से रघुनाथ के पूर्वजों द्वारा मंदिर, मकान, श्मशान घाट, कुआं व पेड़ पौधे भी स्थित है। जारी आदेश में कलेक्टर ने कहा कि उपरोक्त तथ्यों के प्रकाश में यह निष्कर्ष निकलता है कि अनावेदक वर्ष 1987 में सीसीएल का कर्मचारी था तथा उसकी पैतृक भूमि ग्राम गढ़ी1 में 9 किता रकबा 1.518 हेक्टेयर स्थित है। रामनारायण साहू का ग्राम गढ़ी में प्रश्नाधीन भूमि खसरा क्रमांक 504/2 रखवा 2.023 हेक्टेयर व्यवस्थापन हेतु पात्रता नहीं होने के बाद उनका व्यवस्थापन स्वीकृत किया गया है जो स्थिर रखें जाने योग्य नहीं है, उक्त प्रश्नाधीन भूमि को अनावेदक के अन्य व्यक्ति को विक्रय करना स्वीकार किया गया है। जिसका नामांतरण तहसीलदार कोतमा के राजस्व प्रकरण द्वारा प्रदीप कुमार सोनी पिता कमल सोनी एवं नीरज कुमार मिश्रा पिता लालू प्रसाद मिश्रा के नाम पर किया गया है जिसकी प्रविष्टि वर्तमान राजस्व खसरे के कालम नंबर 12 में दर्ज है।

## जीएस हितकारिणी समिति ने महाविद्यालय परिसर में किया पौध रोपण



**कोतमा।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान मे जहाँ आम जनता का पर्यावरण से लगाव है वही सभी कार्यालय ने अभियान को महाभियान बनाया है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नामांकुर संस्था जी. एस. हितकारिणी समिति कोतमा द्वारा कॉलेज परिषर कोतमा मे पौधरोपण किया गया। जिसमे विकास खंड समन्वयक सारिमन साकेत, मेन्टर, मुकेश गौतम, मो. नजीर खान, पार्वती वर्मा, सरिता त्रिपाठी, रीना रैकवार, ओंकार सिंह उपस्थित थे। हम गर्मी की अधिकता को महसूस किये है शायद ऐसी गर्मी पूर्व वर्षो की तुलना मे सर्वाधिक रही है तक हमें पेडो की कमी का अहसास हुआ इस के जवावदार हम स्वतः है विकास तो जरुरी है पर विनाश करके नहीं जहाँ सड़के बनी है वही कई वृक्ष कटे भी है उनके संरक्षक और सम्बर्धन पर चिंतन मनन की आवश्यकता है साथ ही पॉलीथिन का उपयोग बंद करना होगा इन्हीं बातो को ध्यान देते हुए मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड भोपाल के मार्गदर्शन में जी. एस. हितकारिणी समिति कोतमा ने शासकीय महाराज मार्तण्ड महाविद्यालय कोतमा मे विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति का अहसास कार्यक्रम आयोजित किया जल है तो कल है पर मेंटर मो. नजीर खान ने अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम मे सारिमन साकेत विकास खंड समन्वयक वरिष्ठ समाज सेवी मुकेश गौतम ओंकार सिंह उपस्थित थे।

## जांच की भनक लगते ही क्लीनिक व पैथोलॉजी बंद कर रफू चक्कर हुये संचालक



**कोतमा।** नगर में संचालित अवैध क्लीनिको एवं पैथोलॉजी की जांच करने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देशन पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरके वर्मा के नेतृत्व में जिले की टीम के द्वारा नगर में संचालित अवैध क्लीनिक एवं पैथोलॉजी की जांच की गई जिनमे अधिकतर क्लिनिक बंद पाई गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके वर्मा ने बताया कि नगर में एक दर्जन से ऊपर अवैध क्लिनिक एवं पैथोलॉजी सेंटर की जांच की गई जिन में पांच अवैध क्लिनिको को बंद कराया गया चार पैथोलॉजी एवं क्लिनिक के दस्तावेज सही पाए गए वहीं पांच क्लिनिक बंद पाई गई। नगर में एक दर्जन से ऊपर अवैध रूप से झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा क्लीनिक संचालित की जा रही है यहां तक की इन लोगों के द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग से पंजीयन भी नहीं कराया गया है यहां तक की कुछ झोलाछाप डॉक्टरों के पास डिग्री भी नहीं है उसके बावजूद भी खुलेआम अवैध रूप से क्लिनिको को संचालित किया जा रहा है यहां तक की कई बार इनके गलत इलाज के कारण मरीज की जान तक जा चुकी है। वही नगर में अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब भी संचालित है जिनका ना तो जिले से पंजीयन है और ना ही पैथोलॉजिस्ट की डिग्री है उसके पास भी स्थानीय डॉक्टरों से सांठगांठ करके पैथोलॉजी संचालित किया जा रहा है। कार्यवाही की जानकारी लगते ही नगर में संचालित अवैध रूप से क्लीनिक को बंद करके रफू चक्कर हो गए, इस कार्यवाही से झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## खबर संक्षेप



### फूड इंस्पेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने फूड इंस्पेक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में उपयोग किए जाने वाले मसाले की जांच करने के निर्देष दिए गए थे, जिसके परिपालन में फूड इंस्प्केटर मंजू वर्मा द्वारा बिरसिंहपुर पाली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजो को वितरित किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया । इसके साथ ही मसाले का सेंपल भी लिया गया। अनुपयोगी मिली सामग्री को नष्ट कराया गया, इसके अलावा हरीश किराना व भारत कुमार सेवाराम किराना स्टोर का भी औचक निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देष दिए।

### कार व ई रिक्शा की हुई टक्कर, आधा दर्जन घायल

**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंतपुर के समीप गुरु मार्केट के सामने कार और ई रिक्शा में टक्कर हो गई है इस दौरान विश्वविद्यालय में अध्यनरत आधा दर्जन से ज्यादा छात्राएं घायल हो गई,स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ई रिक्शा के नीचे फंसी हुई छात्रों को बाहर निकाला है और उन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा है प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो ई रिक्शा और कार में ओवरटेक करने के प्रयास में यह टक्कर हुई है कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई रिक्शा बीच सड़क पर ही पलट गया और उसमें सवार विश्वविद्यालय में अध्यनरत आधा दर्जन छात्राएं घायल हो गई हैं स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ई रिक्शा को हटाकर छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला है जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से छात्रों को अस्पताल भेजा गया है। जहां छात्रों की स्थिति सामान्य बताई गई।

### किशोर का शव मिला

**रीवा।** जिले के जवा थाना अंतर्गत मंगलवार को एक किशोर का शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर मिला है।मामला रीवा के नष्टिगवां गांव का है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि आदित्य गुप्ता पिता रामबाबू गुप्ता को गला दबाकर जान से मार दिया गया है। परिजनों ने संदेहियों के नाम पुलिस को बताए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक का परिवार मूल रूप से सतना जिले के मझिगवा गांव का रहने वाला है। कुछ महीनों से मकान बना कर नष्टिगवां में रह रहे हैं। गांव में किशोर अपनी मां के साथ रहता था। सूचना मिलते ही रीवा एसपी विवेक सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर युवाओं को कौशल के विभिन्न पहलुओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया

# एक पेड़ मां के नाम रोपित करने की दी प्रेरणा

बुढार।

ग्राम - लालपुर स्थित रिलायंस फाउंडेशन रिसोर्स सेंटर में विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न ग्रामों के युवाओं को कौशल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया, और एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपित करनें की प्रेरणा प्रदान की गई।

**विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम सी.एस.आर. हेड** - जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के संतोष राजपूत के मुख्यातिथि में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथ श्री राजपूत नें अपनें प्रेरक उद्बोधन में शासन द्वारा युवाओं के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में विस्तृतरूप से अवगत कराया, और योजनाओं का भरपूर लाभ अर्जितकर स्वावलंबी बननें तथा समाज हित में आगे आनें की प्रेरणा प्रदान की।






**रिलायंस सी.बी.एम. सी.एस.आर. हेड** - राजीव श्रीवास्तव ने युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं को कौशल का महत्व समझाते हुये कहाकि - युवा समाज की मुख्यधारा में जुड़कर आगे बढे और अपनें दायित्वों का भली भांति निर्वहन करें, क्योंकि - युवाओं के हांथों देश का भार है, और युवाओं को आशा भरी निगाह से देखा जा रहा है, विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं के लिये अतिमहत्वपुर्ण दिवस है।

**कार्यक्रम अवसर पर** -श्रीमती सीतू यादव, श्रीमती. दुर्गा बर्मन, प्रदीप गुप्ता ने कौशल विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक अवगत कराया और कौशल विकास के अपने अनुभव तथा मिली सफलता के बारे में बताया।

कार्यक्रम में 10 ग्रामों से लगभग 50 से अधिक युवा सम्मिलित हुये, जिन्हें एक पेड़ मां के नाम के तहत एक-एक पौधा प्रदत्त किया गया जिसे लगाये जाकर पौधे की देखभाल की सलाह दी गई, पौधे की रक्षा का संकल्प भी युवाओं नें लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीम खान ने किया।

**कार्यक्रम अवसर पर** - रिलायंस टीम के बीरेंद्र प्रजापति, राजकुमार डोलिया, अभिलाष तिवारी, कुंवरबली सिंह,अश्वनी शर्मा, अपूर्वा टोप्पो की उपस्थिति रही।

## आज बाबा के दरबार में लोगों की मुराद होगी पूरी

# यहां हिंदू को आती है बाबा हुजूर की सवारी



धनपुरी।

धनपुरी आजाद चौक वार्ड नंबर 19 स्थित अतरोलिया परिवार के निवास पर अल नूर दरबार हर वर्ष की बात की इस वर्ष भी 17 जुलाई दोपहर 3 बजे से बाबा के दरबार में मुराद लेने के लिए हिंदू मुस्लिम भाइयों की काफी संख्या में लोग दरबार पहुंचते हैं बाबा से मुराद पाते हैं। जो अनवर देखा जा है।

**सबको मिलता मुरादे**

यहां लगभग 20 वर्षों से रवि कुमार अतरोलिया जी को आती है बाबा हुजूर की सवारी यहां बाबा की सवारी में जितने मुस्लिम भाग लेते है, उतने ही हिंदू भी भाग लेते हैं. खास बात ये है कि बाबा की सवारी किसी मुस्लिम को नहीं, बल्कि हिंदू को आती है. ये परंपरा यहां लगभग 20 सालों से जीवित है.यहां सवारी आने के दौरान बाबा हुजूर से मुरादें मांगने वालों की मनोकामना पूरी होती है. इससे यहां निकलने वाले जलसे में भारी भीड़ लग जाती है. इससे यहां की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ती जा रही है।.दूर-दूर से लोग अआते हैं आज आलम ये है कि बाबा से मुराद लेने यहां दूर दूर से लोग आते हैं यही वजह है कि यहां का मुस्लिम समाज भी हिन्दुओं के धार्मिक पर्व में उसी सदभावना से शामिल होता है, जैसे मोहर्रम में हिन्दू शामिल होते हैं.।

**लंगर का प्रोग्राम**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लंगर वितरण का प्रोग्राम रखा गया है जो 17 जुलाई दोपहर 12:00 बजे से देर रात तक चलेगी मर्कजी मुस्लिम लंगर कमेटी के द्वारा लंगर का इंतजाम किया गया है। लंगर का कार्यक्रम लगातार 30 वर्षों से चल रहा है। शाम को रोजा अफ्तारी वालों के लिए भी व्यवस्था की गई है।

## संतरागाछी ट्रेन और कोलकाता से अहमदाबाद एक्सप्रेस का ब्योहारी स्टेशन में ठहराव साथ ही सिंगरौंली से भोपाल ट्रेन सप्ताह में एक दिन इन्दौर चलाई जाए, सीधी सांसद को ज्ञापन में माँग

ब्योहारी।



ब्योहारी रेल्वे स्टेशन के बीच निकलने वाली दो ट्रेन का ठहराव न होने के कारण ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के साथ शहडोल संम्भाग, के कुछ विधानसभा क्षेत्र और सतना जिला के कुछ पंचायत और सीधी सांसद के कुछ विधानसभा क्षेत्र के लोग ब्योहारी रेलवे स्टेशन से ही टैन से हावड़ा और अजमेर अहमदाबाद कटनी जाना पड़ता हैं जबकि ब्योहारी रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली ट्रेन का स्टापेज ना होने के कारण लोगों को कटनी भाग जाना पड़ता हैं यह है कि सिंगरौली ब्योहारी कटनी रेल खण्ड के बीच दो साप्ताहिक टेऩ चलती है वह है 1- संतरागाछी से अजमेर ट्रेन का नम्बर 18009 व 18010 दूसरी अहमदाबाद से कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन का नम्बर 194131 व 19414 विगत 12 साल के लगभग से चल रही जिसके ब्योहारी रेलवे स्टेशन में ठहराव साथ सिंगरौली से भोपाल सुपर फास्ट ट्रेन को एक दिन के लिए इन्दौर चालाला जाए जिससे सिंगरौंली से ब्योहारी के आसपास क्षेत्रों के छात्र छात्रोंओ को इन्दौर के लिए सीधी टैन कि सुविधा हो जाएगी जब कि तीन संसदीय नेताओ का कार्यकाल समाप्त हो गया है फिर लोगों कि आवाज नहीं सुनी गईअब नव निर्वाचित चौथें सांसद जी कार्यकाल चालू हो गया है उनसे लोगों को उम्मीद कि किरण जाग उठी हैं इस लिए आम नागरिक व ब्यापारी संघ ने सौपा ज्ञापन

बाताया जाता हैं कि ये दो साप्ताहिक टेऩ लगभग 12 -13 साल चल रही हैं लेकिन ब्यापारी संघ व राजनीति दलों के साथ ही नागरिकयों के द्वारा कई बार *जी. एम. व सीधी सांसद को ज्ञापन दिया गया क्षेत्र कि जनता के व ब्योहारी ब्यापारियो का अहमदाबाद व कोलकाता आने की सुविधा हो जाती अगर दोनों साप्ताहिक टेऩों का स्टाप हो जाता हैं लोगों को कटनी व सिंगरौली न जाना पड़ता यहाँ कि सिंगरौंली के बाद 264 किलोमीटर के मुड़वारा कटनी स्टापेज हैं यात्रियों को बडी. असुविधा होती होगी क्यों कि गरमी यात्रियों को पानी न मिल पाना मुश्किल होता होगा इसी तरह जब ब्योहारी रेलवे स्टेशन हो कर दोनों टैन निकलती है तो क्षेत्र वासियों को कैसा लगता होगा लेकिन ये सत्य है कि नेता विहीन ब्योहारी का दुर्भाग्य है और लगातार 10 साल सत्ता पक्ष का सांसद होने बाद भी टैन का ठहराव न होना क्या कह सकते हैं सांसद का ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र उदासीनता कहेगें।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर पाली महाविद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बिरसिंहपुर पाली।



शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर आरके झा के द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन कर किया गया तथा छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई( कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉक्टर झा ने अपने उद्बोधन में कौशल के माध्यम से स्वयं को सक्षम मजबूत और सशक्त बनाने पर जोर दिया उन्होंने कौशल विकास एवं शांति तीनों को एक देश के विकास के लिए आवश्यक बताया कौशल के माध्यम से योग्यता को बढ़ावा देना सभी चुनौतियों का सम्मान किया जा सकता है विद्यार्थियों को संदेश दिया पढ़ाई पढ़ो ऐसा कि घर में आए पैसा मुख्य वक्ता डॉक्टर शाहिद सिद्दीकी ने बताया कि युवाओं को अपने रुचि में आधार पर रोजगार का चयन करना चाहिए उन्होंने युवाओं को प्रेरणा स्वरूप कहा कि एक लक्ष्य को साधने से सभी सब जाता है श्री हरलाल अहिरवार ने बताया कि युवाओं को कौशल विकास को बढ़ाने के लिए रोजगार सरोजगार के सपने को साकार किया जा सकता है आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ नरेश प्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुभव श्रीवास्तव डॉक्टर रितु सेन बालेंद्र कुमार यादव प्रहलाद सिंह उपेंद्र रावत गुलाब सिंह मुन्ना सिंह राठौड़ जैकी सक्सेना नर्मदा मिश्रा सहित समस्त छात्राएं एवं अन्य लोग रहे उपस्थित थे।

# लोहार गंज में चलाया सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान

उमरिया।



मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद उमरिया के द्वारा बरसात के मौसम में बीमारियों के प्रकोप से बचाओ के लिए हर वार्ड में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इसी के क्रम में वार्ड क्रमांक 1 में स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया गया। वार्ड वासियों के घर घर में जाकर खुले में कचरा न फेकने, घर के आस पास पानी न जमा होने देने ,सफाई रखने, खाना खाने के पहले हाथ धोने, आदि स्वच्छता संबंधी जानकारी वार्डवासियों को दी गई। साथ ही आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी के क्रम में स्लम एरिया में जागरूकता अभियान चलाया गया। घर के कचरे को घर में ही गीला और सुखा अलग रखने तथा कचरा गाड़ी में गीला और सुखा अलग डालने की जानकारी बताई गई, नाली में कचरा न डालने की समझाइश दी गई।

# राजस्व महाअभियान में हर गांव में बी-1 का वाचन कराएं: कमिश्नर

## कमिश्नर ने गूगल मीट से राजस्व महाअभियान के संबंध में दिए निर्देश

**उमरिया।** रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस.जामोद ने गूगल मीट से आयोजित बैठक में राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व महाअभियान 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान के लिए सभी कलेक्टर रणनीति तैयार कर लें। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराएं। बी-1 के वाचन के समय राजस्व निरीक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अभियान के संबंध में सभी एसडीएम बैठक लेकर शासन के निर्देशों को पटवारियों को अवगत कराएं। अभियान के दौरान कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा एसडीएम राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान अभियान के लिए निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व महाअभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्रत्येक गांव में दीवार लेखन के माध्यम से शिविर की तिथियों की जानकारी दें। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की पूरी जानकारी दें।

कमिश्नर ने कहा कि रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिलों में नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। जो प्रकरण 30 जून तक निराकृत हो गए हैं, उनका अभियान के दौरान अमल दरामद कराएं। सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। कलेक्टर, एसडीएम तथा तहसीलदारों से प्रकरणों के शत-प्रतिशत दर्ज होने का प्रमाण पत्र लें। अभियान के दौरान निरीक्षण में इसका सत्यापन करें। यदि किसी न्यायालय में




कोई प्रकरण बिना दर्ज किए हुए पाया जाता है तो संबंधित पीठासीन अधिकारी के ऊपर कार्यवाही करें। राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जो समय सीमा तय की गई है उसमें ही प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। संभाग में बंटवारे के भी बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। पक्षकारों को समझाइश देकर बंटवारे के प्रकरण निराकृत करें। नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत करें।

कमिश्नर ने कहा कि नक्शा तरमीम के प्रकरणों में जिनमें कम खातेदार हैं उनके प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। किसान सम्मान निधि के आवेदनों में ई केवाईसी तथा अन्य कमिया भी अभियान के दौरान दूर कराएं। अभियान के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में समस्त जानकारियाँ दर्ज कराएं। स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों का चयन करके 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत भू अधिकार पत्र वितरित कराएं। राजस्व अभियान की नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी। सभी कलेक्टर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी दर्ज कर प्रतिदिन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा अथवा अन्य योजना से शांति धाम निर्माण के निर्देश दिए।

गूगल मीट में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि राजस्व महाअभियान में बी-1 के वाचन के लिए ग्रामवार कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। अभियान के दौरान अधीनस्थ सभी न्यायालयों का निरीक्षण किया जाएगा। स्वामित्व योजना में जिन गांवों का ड्रोन सर्वे हो चुका है उनके हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि नक्शा तरमीम के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत किए जाएंगे। अभियान के दौरान पटवारी घर-घर जाकर राजस्व के मामले दर्ज करेंगे। कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि अभियान का ग्रामवार कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। सभी राजस्व न्यायालयों का एक सप्ताह में निरीक्षण कर लिया जाएगा। प्रथम राजस्व अभियान में जिन बिन्दुओं पर जिले का प्रदर्शन कमजोर था वहाँ विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान सभी राजस्व अधिकारियों का मूल्यांकन करके उनकी रैंकिंग की जाएगी। गूगल मीट में कलेक्टर मऊगंज, मैहर, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, एडीएम उमरिया तथा अन्य राजस्व अधिकारी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### फलदार एवं छायादार पौधों का हुआ रोपण

**अनूपपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार जिले में पौधरोपण अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यान विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, वन विभाग, खनिज विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, खाद्य विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, सहकारिता, परिवहन, मत्स्य, श्रम, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला एवं बाल विकास, उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य विभागों द्वारा पौधरोपण का स्वयं से लक्ष्य तय कर पौधरोपण किया जा रहा है। जिले में विभागों द्वारा 4 लाख 66 हजार 275 पौधों के रोपण का लक्ष्य लिया गया है। जिसके तहत 15 जुलाई तक 2 लाख 51 हजार 716 पौधों का रोपण जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किया जा चुका है। जिले में कम भूमि पर ज्यादा पौधों के रोपण की मियाबाकी तकनीक का भी प्रयोग किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने विभागों को स्वप्रेरणा से लिए गए लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधरोपण के निर्देश दिए हैं।

### जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक 23 को

**अनूपपुर।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में मंगलवार 23 जुलाई को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया है। पूर्व में यह बैठक कल आयोजित की जानी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर के कार्यपालन यंत्री व जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव ने बताया है कि बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सर्व संबंधितों को नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### राजस्व महाअभियान 2.0 का आयोजन

**अनूपपुर।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को सुधार करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा राजस्व महा-अभियान 2.0 का आयोजन 16 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक किया जा रहा है। इस महा-अभियान के तहत आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज कराना और पूर्व आदेशों का खसरों और नक्शे में अमल, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणो का समय-सीमा में निराकरण, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शे में तरमीम, समग्र ई-केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान सैचुरेशन, स्वामित्व योजना तथा फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों का अभियान के तहत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व महा-अभियान 2.0 का लाभ उठाने के लिए जिले के सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है। इस संबंध में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को सफल क्रियान्वयन संबंधी राज्य शासन के निदेर्शों का बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

### आज निकाली जायेगी ताजिया जुलूस

**अनूपपुर/कोतमा।** पैगंबर मोहम्मद साहब की नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम का त्योहार 17 जुलाई बुधवार को जिले भर में मनाया जाएगा। इस मौके पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। ताजियों का जुलूस भी निकाला जाएगा। नगर मे छोटे-बड़े सभी ताजिए मिलाकर पुराना स्टेट बैंक के पास रखें जायेंगे फिर वहां से जुलूस निकला जाएगा। बुधवार से पहले इन ताजियों को अंतिम रूप भी दिया जा रहा है। नगर के बनिया टोला पुराना स्टेट बैंक के पास इस्लाम गंज ताजियों में कहीं पर अभ्रक का इस्तेमाल किया जा रहा है, तो कहीं पर थर्माकोल का उपयोग किया जा रहा है। ताजिया बनाने वाले कारीगरों का कहना है कि पिछले 1 माह से लगातार अलग-अलग तरह की ताजिया बनाने का काम शुरू कर दिया जाता है।

# जबलपुर के बाद अनूपपुर में भी 'वर्दी वाले चोर' की धमक

## कलेक्टर, जिला आबकारी पर भारी एक वर्दीधारी

**माह में केवल 16 दिन की नौकरी कर विभाग को लगा रहा चूना**

**मनमाने रेट पर पूरी रात दुकान से खुलेआम बिकती अवैध शराब**

**सभी अवैध काली करतूतों का सरगना बना आबकारी उपनिरीक्षक सुधीर**





मूल्य अधिक कीमत मे बिक रही शराब के साथ ही समय के पहले व आधी रात तक अवैध तरीके से शराब बेचने का ठेका देने वाले आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक सुधीर मिश्रा ने सुराप्रेमियों के जेब से डाका डालने के साथ ही शासन प्रशासन को चूना लगाने मे महारत हासिल की है।

अनूपपुर।

तभी तो जबलपुर मे पदस्थापना के दौरान 2021 मे अपने ही विभाग मे सेंधमारी कर शराब चुराने के आरोप मे निलंबित हुये उपनिरीक्षक सुधीर मिश्रा अब अनूपपुर मे वही अवैध प्रक्रिया के तहत दूसरे माध्यम से शराब की चोरी करवा रहे हैं वही आबकारी विभाग को गुमराह करते हुये विभागीय अधिकारियों के नाक के नीचे लगभग सभी अवैध कृत्य कर रहे हैं दूसरी ओर शराब ठेकेदार को भी ओव्हर रेट व आधी रात तक शराब बेचने सहित क्षेत्र मे अवैध पैकारी को बढ़ावा देने के लिए पूरी छूट देकर आम जनमानस को लूटने का सबसे अच्छा व सुलभ तरीका अपनाये हुये हैं।

### शराब चोरी पर हो चुका है बेनकाब

वर्ष 2021 मे जबलपुर में आबकारी विभाग के गोरखपुर स्थित कंट्रोल रूम में दो एसआई, एक हवलदार और एक कॉन्स्टेबल द्वारा रात के अंधेरे में कंट्रोल रूम की आलमारी से शराब की बोतलें निकालने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमे शामिल दोनों एसआई पहले से निलंबित होने के बावजूद कंट्रोल रूम के अंदर दिख रहे थे। जिसके बाद चोरी में शामिल एक हवलदार और एक कॉन्स्टेबल को भी सस्पेंड कर दिया गया था। चारों 'वर्दी वाले चोरों' ने यह चोरी संभवतः 29 जनवरी की रात को की थी। चारों ने अपने ही विभाग से रात के अंधेरे में अंग्रेजी शराब की 171 बॉटल चुरा रहे थे, तभी वे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। वीडियो सामने आने के बाद आबकारी विभाग के संयुक्त आयुक्त ने चारों को निलंबित कर दिया था। चोरी करने वालों में शामिल सुधीर मिश्रा और नीरज दुबे आबकारी विभाग में सब इंस्पेक्टर हैं। राकेश बोहरे हवलदार और जैनेन्द्र पासी कॉन्स्टेबल थे। बता दें कि यह वही सुधीर मिश्रा हैं जो आजकल दूसरे माध्यम से शराब की चोरी करने मे अनूपपुर मे व्यस्त हैं।

### आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी ने दर्ज कराई थी शिकायत

गोरखपुर थाने में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी जीएल मरावी की ओर से मामले में शिकायत दर्ज कराई गई थी। उन्होंने पुलिस को एक पेन ड्राइव भी दी थी जिसमें वारदात में शामिल विभाग के ही चार कर्मियों की सीसीटीवी फुटेज थी। फुटेज 29 जनवरी की रात 7.50 से रात 8.34 बजे की बीच की थी। इस फुटेज में चारों आरोपी गोरखपुर थाने के पीछे स्थित आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम में प्रवेश करते हुए दिख रहे हैं। श्री मरावी की शिकायत पर गोरखपुर पुलिस ने चारों के खिलाफ धारा 408 भादवि और 34 (2) आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया था।

### सप्ताह में एक दिन की नौकरी

आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक सुधीर मिश्रा सप्ताह मे सिर्फचार दिन की नौकरी यानि माह मे केवल 16 दिन की नौकरी कर पूरे महीने की पगार उठा रहा है। पुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुधीर मिश्रा प्रति शुक्रवार को अनूपपुर से जबलपुर स्थित अपने निवास के लिए प्रस्थान कर जाता है जो सोमवार को अनूपपुर के लिए प्रस्थान कर मंगलवार, बुधवार, गुरूवार व शुक्रवार की नौकरी कर पुनः शुक्रवार को जबलपुर की वापसी कर लेता है। इनका मोबाइल कॉल रिकार्ड की जांच की जाये तो दूध का दूध व पानी का पानी हो जायेगा। इस दौरान अनूपपुर पहुंचने पर सप्ताह भर की अवैध वसूली का अपने मातहतों से लेखा जोखा, शराब ठेकेदार से ओव्हर रेट मे मिले एक्स्ट्रा इंकम का हिसाब किताब समेत पैकारी व अन्य माध्यम से आने वाले अवैध कमाई की पूरी लिस्ट जांच की जाती है।

### आदेश 10 बजे का, लेकिन आबकारी कंट्रोल रूम खुल रहा के बाद

मजे की बात तो यह है कि चोरी के आरोप मे निलंबित आबकारी उपनिरीक्षक खुद सप्ताह मे चार दिन की ड्यूटी करता है वही उच्चाधिकारियों व शासन प्रशासन के निर्देशानुसार 10 बजे आबकारी कंट्रोल रूम खुलने के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुये 11.30 बजे के बाद कंट्रोल रूम खोलकर उच्चाधिकारियों को चुनौती देता है, परंतु उच्चाधिकारी भी इस ओर बेपरवाह बने हुये हैं जबकि उन्हे भी सुधीर मिश्रा की काली कमाई समेत विभाग को गुमराह करने की जानकारी संभवतः है।

# नागरिकता की नींव पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## जवाहर नवोदय विद्यालय में हुये प्रशिक्षण में 42 शिक्षक हुये सम्मिलित




अमरकंटक।

माँ नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक के उद्गम तट पर स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में नवोदय विद्यालय समिति क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विद्यालय सभागार में प्राचार्य डॉ. एस.के. राय की उपस्थिति तथा अध्यक्षता में "नागरिकता की नींव" एक दिवसीय शिक्षक- प्रशिक्षण कार्यक्रम" का भव्य आयोजन 'विवेकानंद मूल्य शिक्षा संस्थान-रामकृष्ण मिशन गुरूग्राम' के सौजन्य से आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रधान डॉ. एस.के. राय, प्रमुख प्रशिक्षक रमेश द्विवेदी एवं प्रशिक्षक राहुल एवं प्रतीक द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. एस.के. राय, विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. ए.के. शुक्ला एवं शिक्षक डी.एस. सेंगर द्वारा अतिथिगण को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओ द्वारा शेख वाहिद के मार्गदर्शन में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्रा एवं शिक्षकगण तथा प्रतिभागी शिक्षकगण सभी उपस्थित थे। विद्यालय प्राचार्य द्वारा स्वागत संबोधन में कहा गया कि जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के निदेर्शानुसार बिलासपुर संकुल के विभिन्न विद्यालयों से 42 शिक्षको को इस प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे कार्यक्रम से अधिकाधिक आप सब सीखने का प्रयास करें और छात्र-छात्राओ को लाभान्वित करे। मुख्य प्रशिक्षक रमेश द्विवेदी ने कहा कि हम सबको विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर चरित्र निर्माण पर बल देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एस.के. सोनी एवं शिक्षक आर.के. झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ शिक्षक डॉ. एके शुक्ला द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# एसडीएम ने होटल, मैरिज गार्डन संचालकों को अर्थदण्ड किया अधिरोपित

### अर्थदण्ड समाप्त करने कलेक्टर को संचालकों ने सौंपा ज्ञापन

अनूपपुर।



अनूपपुर जिला होटल एवं मैरिज गार्डन संघ जिला-अनूपपुर ने जिला दण्डाधिकारी जिला अनूपपुर के नाम ज्ञापन सौपा हैं जिसमें लेख किया गया है कि शासन द्वारा अधिरोपित फायर एण्ड सेफ्टी प्रकरण में किया गया अर्थदण्ड 2 लाख 75 हजार रुपये समाप्त किया जाए। होटल एवं मैरिज गार्डन संघ की एक आवश्यक बैठक होटल गोविंदम अनूपपुर में संपन्न हुई। बैठक के पश्चात सभी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौपा, जिसमें लेख किया गया कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी, कोतमा, अमरकंटक एवं पुष्पराजगढ़ के द्वारा फायर सेफ्टी प्रकरण में एनओसी से संबंधित जिले के अपने क्षेत्रों में संचालित सभी सार्वजनिक भवन, होटल संस्थान एवं मैरिज गार्डन, हॉस्पिटल, स्कूल में 26 जून को बिना पूर्व सूचना के एनओसी अग्नि सुरक्षा मानक उपकरण के प्रमाण पत्र की मांग की गई और प्रमाण पत्र न होने पर 2 लाख 75 हजार रुपये प्रति संस्थान 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक 500 रुपये गुणा 366 प्रतिदिन के अर्थदण्ड के हिसाब से 1,83,000 रुपये एवं 1 वर्ष उपरान्त 1 मार्च 2024 से 31 मई 2024 तक अर्थात 92 दिवस का 1000 रुपये गुणा 92 दिवस के हिसाब से 92,000 रुपये अर्थात कुल अर्थदण्ड, जुमनि की राशि 2,75,000 रुपये अधिरोपित किया गया है। अनुविभागीय कार्यालयों द्वारा मांगे गये फायर सेफ्टी के प्रमाण पत्र की जानकारी की कोई भी पूर्व सूचना एवं नोटिस 26 जून के पूर्व किसी भी संस्थान से नहीं मांग की गई। जोकि न्यायसंगत नहीं है। होटल एवं मैरिज गार्डन संघ अनूपपुर ने कलेक्टर से मांग की है कि अधिरोपित किया गया। अर्थदण्ड सभी संस्थानों का 2 लाख 75 हजार रुपये माफ किया जाये और फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए शासकीय 90 कार्य दिवस का समय दिया जाये।



# जिपं सीईओ ने जनसुनवाई में 65 आवेदनों में की सुनवाई

**अनूपपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित जन सुनवाई में आमजनता से मिले 65 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम देवहरा थाना चचाई की पुसनी बाई ने पट्टे की भूमि के राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज कराने, जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चोंड़ी के सरपंच धरम सिंह मार्को ने ग्राम चोंड़ी के शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाए जाने, ग्राम हर्री तहसील अनूपपुर के रमेश प्रसाद राठौर ने भूमि का नक्शा तरमीम कराए जाने, ग्राम बरबसपुर (चोंड़ी) थाना कोतमा की तेरसिया बाई ने पति की मृत्यु होने पर संबल योजना के तहत सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम पपरौड़ी तहसील जैतहरी के फूलसाय ने हल्का पटवारी द्वारा भूमि का बंटवारा न किए जाने, ग्राम खमरौध तहसील पुष्पराजगढ़ के लालमन सिंह ने बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम रेउंदा के रामावतार चौधरी ने ग्राम पंचायत रेउंदा में अमृत सरोवर निर्माण कार्य में ट्रैक्टर से मिट्टी फेंकने के कार्य में की गई मजदूरी का भुगतान न होने, वार्ड नं. 9 अनूपपुर निवासी बिहारीलाल शर्मा ने स्थाई रूप से विद्युत कनेक्शन दिलाए जाने, वार्ड नं. 10 अनूपपुर निवासी कविता वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

## जबरन हाथियों को खदेड़ना वन्य जीव संरक्षण के तहत अपराध

# केंद्र सरकार से हुई शिकायत

अनूपपुर।



जिले में बीते कई वर्ष से हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं। इस समय भी दो हाथी जिले के वन क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। इसे लेकर कर्नाटक के एक्सपर्ट तथा पश्चिम बंगाल के हल्ला बोल पार्टी को भी हाथियों को भगाने और रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग और जिला प्रशासन ने बुलाया है। इसे लेकर रायपुर के वन्य जीव प्रेमी नितिन संघवी ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में व्याघ्र एवं हाथी परियोजना प्रभाग में दर्ज कराई है।

### लगाए यह आरोप

संघवी ने शिकायत में आरोप लगाया कि वन विभाग और अनूपपुर जिला प्रशासन हाथियों के स्वतंत्र विचरण को रोक रहा है। इस वजह से हाथियों में गुस्सैल प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह हाथी और मानव द्वंद नहीं है। यह दो विभागों की लड़ाई है। प्रशासन वन विभाग पर जबरन हाथियों को जिले की सीमा से खदेड़ने का दबाव बना रहा है। यह वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध है। इसे लेकर की गई शिकायत के बाद विभाग ने इस पर कार्यवाही के आदेश जारी किए हैं।

### वन्य जीव संरक्षण अधिनियम दिलाया याद

शिकायत पर सक्रियता दिखाते हुए भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के मुख्य वन संरक्षक को कार्यवाही करने का पत्र लिखा है। इस मामले में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही करते हुए विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। अनूपपुर वन मंडल अधिकारी श्रद्धा पेंड्रे ने बताया कि अभी आदेश की जानकारी उन्हें नहीं है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा कि हाथियों को खदेड़ने के संबंध में कोई कार्यवाही अनूपपुर में नहीं हो रही है। हम यह प्रयास कर रहे हैं कि जान-माल की रक्षा कर सके। इसके लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी के साथ ही हाथियों के आबादी क्षेत्र में विचरण को रोकने के प्रयास कर रहे हैं। जिन जंगली झाड़ियो में हाथी छिप रहे हैं, उन्हें भी हटाया जाएगा।

# प्राणवायु को स्वच्छ रखने पौधरोपण आवश्यक-सांसद

### ग्राम बेंदी में पौधरोपण का सांसद ने किया शुभारंभ

**अनूपपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वाटरशेड विकास योजनांतर्गत जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बेंदी में मियाबाकी तकनीक पर आधारित पौधरोपण के तहत एक हेक्टेयर भूमि पर 4 हजार पौधों के रोपण कार्य का शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने आम एवं सागौन के पौधों का रोपण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा वॉटरशेड समिति के सदस्य व स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी पौधरोपण किया गया। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण धरती को स्वच्छ और सुन्दर बनाने, प्राणवायु को स्वच्छ रखने के लिए आज की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वह अपनी खाली पड़ी भूमि, घरों की बाड़ी तथा खेतों के मेढ़ों पर पौधरोपण करें और पौधों की सुरक्षा करें। उन्होंने कहा कि धरा को हरा-भरा बनाने और जीवन में पेड़-पौधों के महत्व को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी लोग सहभागिता निभाएं। जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण और वसुंधरा में हरियाली लाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मध्यप्रदेश शासन के मंशा के अनुरूप जिले में व्यापक पौधरोपण जनसहभागिता से सुनिश्चित किया गया है।

